डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचईएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12-2083

भोपाल, दिन बुधवार, दिनांक 23 सितम्बर 2026

न्यूज गैलरी

भोपाल में स्वाइन फ्लू से एकऔरमौत . . . अबतकदो कुल 72 मरीज

भोपाल। बदलते मौसम के बीच भोपाल में स्वाइन फ्लू के मरीज बढ़ रहे हैं। H1N1 संक्रमण से 20 सितंबर को एक और मरीज की मौत हो गई। अब कुल मरीज 72 हो गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, एक मौत बीते सप्ताह निजी अस्पताल में हुई। फिलहाल 4 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि 5 होम आइसोलेशन में हैं। सितंबर की शुरुआत से केस बढ़े हैं। क्षेत्रीय श्वसन रोग संस्थान के डॉ. पवन शर्मा के मुताबिक, तापमान और नमी में बदलाव से वायरल संक्रमण बढ़ सकता है। ओपीडी में वायरल निमोनिया के मरीज करीब दोगुने हुए हैं। डेंगू के मरीज भी 81 हो गए हैं।

डीजे की तेज आवाज के बीच कक्षा में बेहोश हुई छात्रा, मौत

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान स्कूल में दूसरी कक्षा की छात्रा वैष्णवी मिश्रा बेहोश हो गई। सोमवार को हुई घटना में छात्रा की बाद में मौत हो गई। परिवार ने आरोप लगाया कि स्कूल के पास से गुजर रहे जुलूस में तेज आवाज में डीजे बजने से उसकी तबीयत बिगड़ी। हालांकि पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की जांच के साथ मौत के संभावित कारणों की पड़ताल की जा रही है। इधर, मुंबई में बॉम्बे हाईकोर्ट ने धार्मिक जुलूसों में लाउडस्पीकर, डीजे और लेजर बीम के इस्तेमाल पर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने सार्वजनिक सड़कों पर पटाखों के इस्तेमाल को लेकर भी सख्त रुख अपनाया।

सोने के जेवर चमकाने का लालच, महिला से टॉप्स ठगे

भोपाल। युवकों ने सोने के जेवर साफ कर चमकाने का लालच देकर 60 वर्षीय महिला के करीब 8 ग्राम वजनी टॉप्स चोरी कर लिए। कृष्णा नगर निवासी कैलाशबाई सोमवार सुबह बाजार से लौट रही थीं। विश्वकर्मा नगर में कालीबाड़ी मोड़ के पास दोनों युवकों ने उन्हें रोककर जेवर साफ करने की बात कही। महिला ने टॉप्स उतारकर दिए। युवक सफाई करने लगे और ध्यान भटकते ही जेवर लेकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया है।

बैठक: सेवा संकल्प यात्रा की रूपरेखा पर हुई चर्चा

भोपाल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित होने वाली जन, जन और सेवा संकल्प यात्रा की आगामी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यात्रा के कार्यक्रम, आपसी समन्वय और तैयारियों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस वर्चुअल बैठक में अभियान की प्रदेश टोली के सदस्यों के साथ-साथ प्रभारी मंत्री और सभी जिलों के अध्यक्ष भी जुड़े रहे।

प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान

भोपाल। राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री सचिवालय व मुख्य सचिव कार्यालय को ज्ञापन भेजकर चेतावनी दी गई है कि मांगों का समाधान न होने पर 15 अक्टूबर 2026 को वल्लभ भवन के सामने सांकेतिक प्रदर्शन होगा।

---

140 विधानसभा क्षेत्रों में मुख्यमंत्री स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने का निर्णय लिया है।

140 विधानसभा क्षेत्रों में बनेंगे मुख्यमंत्री स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, 962.50 करोड़ रुपए होंगे खर्च

डीआर संवाददाता»भोपाल

मध्यप्रदेश में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए राज्य सरकार ने 140 विधानसभा क्षेत्रों में मुख्यमंत्री स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई कैबिनेट बैठक में योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। प्रदेश के कुल 230 विधानसभा क्षेत्रों में से 140 क्षेत्रों में नए खेल परिसर बनाए जाएंगे, जबकि शेष क्षेत्रों में पहले से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स उपलब्ध हैं।

सरकार इस योजना पर कुल 962 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च करेगी। प्रत्येक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पर करीब 7 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। इन परिसरों में इनडोर और आउटडोर दोनों तरह की खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए कोच नियुक्त किए जाएंगे। साथ ही खेल परिसरों के संचालन और रखरखाव की व्यवस्था भी की जाएगी। सरकार के अनुसार सभी प्रस्तावित खेल परिसर अगले पांच वर्षों में तैयार करने का लक्ष्य है।

मैदान के बीच बनेगा हेलिपैड

प्रस्तावित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की एक खास विशेषता मैदान परिसर में हेलिपैड की सुविधा होगी। सरकार के अनुसार इससे वीआईपी मूवमेंट और इमरजेंसी में आवागमन सुगम हो सकेगा। कैबिनेट में योजना की जानकारी देते हुए एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने बताया कि प्रदेश के 140 विधानसभा क्षेत्रों में खेल परिसरों के निर्माण और संचालन के लिए सैद्धांतिक सहमति दी गई है। इनका नाम मुख्यमंत्री स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स रखा जाएगा।

2037 तक की बिजली जरूरत के लिए 2800 मेगावाट ताप विद्युत

कैबिनेट ने प्रदेश की भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए 2800 मेगावाट ताप विद्युत खरीदने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। इसके तहत कोयला आधारित तीन ताप विद्युत परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। बिजली खरीद के लिए प्रतिस्पर्धात्मक निविदा प्रक्रिया अपनाई जाएगी। नियामक आयोग की मंजूरी और आदेश के अनुसार आगे की कार्यवाई के लिए एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक को अधिकृत किया गया है।

25 सितंबर से शुरू होगी सुगम बस परिवहन योजना

प्रदेश में मुख्यमंत्री सुगम बस परिवहन योजना की शुरुआत 25 सितंबर को भोपाल से होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 350 बसों को हरी झंडी दिखाएंगे। निजी बस ऑपरेटरों के साथ अनुबंध के आधार पर बसों का संचालन किया जाएगा। सरकार ने मार्च 2027 तक प्रदेश में एक हजार बसें शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

योजना में इलेक्ट्रिक बसों को प्राथमिकता दी जाएगी। बसों में सीसीटीवी कैमरे और जीपीएस लगाए जाएंगे, जिससे उनकी लोकेशन की निगरानी की जा सकेगी। नए बस टर्मिनल पीपीपी मॉडल पर विकसित किए जाएंगे। सरकार ने वर्ष 2030-31 तक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कुल 14,500 बसें संचालित करने का लक्ष्य रखा है। यात्रियों को उचित किराया, सही टिकट और व्यवस्थित बस संचालन उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया जाएगा।

डीसीपी रावत से विवाद के बाद वर्मा की टिप्पणी पर आईपीएस संघ की अपत्ति

मध्यप्रदेश भारतीय पुलिस सेवा संघ ने आपत्ति जताई है।

डीआर संवाददाता»भोपाल

भोपाल। इंदौर में 19 सितंबर को राहुल गांधी के 'जननी की पूजा' कार्यक्रम के दौरान पुलिस व्यवस्था को लेकर हुए विवाद के बाद पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की टिप्पणी पर मध्यप्रदेश भारतीय पुलिस सेवा संघ ने आपत्ति जताई है। एसोसिएशन ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी के प्रति इस तरह की टिप्पणी अशोभनीय, अपमानजनक और अस्वीकार्य है।

कार्यक्रम में मंच प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी इंदौर के डीसीपी नरेंद्र रावत को सौंपी गई थी। कार्यक्रम के दौरान मंच और भीड़ व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारी तथा आयोजकों के बीच बहस हुई थी। इसके बाद सज्जन वर्मा ने मीडिया से बातचीत में डीसीपी रावत पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कई सिपाही आए और चले गए। उनका यह बयान सामने आने के बाद विवाद बढ़ गया।

एसोसिएशन ने अपने बयान में कहा कि लोक सेवकों के साथ जनप्रतिनिधियों का व्यवहार मर्यादित होना चाहिए। एसोसिएशन ने अधिकारियों के सम्मान और उनके कर्तव्य निर्वहन के दौरान उचित आचरण की अपेक्षा जताई है।

गुना में सिंधिया के मामले पर भी चर्चा

हाल गुना में 16 सितंबर को जनसुनवाई के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा कलेक्टर और एसपी को सार्वजनिक रूप से फटकार लगाए जाने का मामला भी चर्चा में है। अधिकारियों की मौके पर गैरमौजूदगी पर सिंधिया ने दोनों अधिकारियों को बुलवाया था और उनसे जवाब मांगा था। सज्जन वर्मा की टिप्पणी पर पी एसोसिएशन की प्रतिक्रिया सामने आने के बीच गुना की घटना को लेकर भी प्रशासनिक हलकों में चर्चा है। हालांकि, उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार इस मामले में पी एसोसिएशन की ओर से ऐसी सार्वजनिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

आज सीएम डॉ मोहन यादव करेंगे 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ

डीआर संवाददाता»भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वे प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य और आयुष क्षेत्र की उन्नति से जुड़ी विभिन्न जनकल्याणकारी पहलों की शुरुआत करेंगे। साथ ही आयुष विभाग के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी होगा।

आयुष विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम भोपाल स्थित प. खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान के रजत जयंती ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार करेंगे। खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री तथा भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

आयुर्वेद से जुड़ी विशेष प्रदर्शनी,

औषधीय पौधों का क्रमिक रोपण कार्यक्रम में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से संबंधित विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें लोगों को औषधीय पौधों का रोपण भी किया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न आयुर्वेद कॉलेजों और संस्थानों में भी आयुर्वेद दिवस के तहत कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस वर्ष की थीम 'मानव और पृथ्वी के लिए आयुर्वेद' रखी गई है। देशभर में 150 से अधिक आयुष कॉलेजों, संस्थानों और स्थानों में चिकित्सा शिविर, व्याख्यान और प्रायोगिक सत्र से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धतियों के प्रति बढ़ती रुचि और उनके उपयोग को लेकर भी विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे।

तड़के 4 बजे 127 जवानों की दबिश, तरावली के जंगल में मिलीं 12 अवैध भट्टियां

डीआर संवाददाता»भोपाल

बैरसिया के तरावली इलाके में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार तड़के बड़ी कार्रवाई की। सुबह करीब 4 बजे 127 अफसर-जवानों की टीम ने जंगल में बने डेरों और खाली मकानों की तलाशी ली। इस दौरान जमीन के अंदर दबाई गईं 12 अवैध शराब की भट्टियां मिलीं, जिन्हें टीम ने नष्ट कर दिया।

कार्रवाई में 275 लीटर अवैध हाथ भट्ठी मदिरा, करीब 15 हजार किलो लाहन, शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले दो बैरल और 30 से अधिक कुप्पे जब्त किए गए। शराब को मौके पर नष्ट कर सैंपल जांच के लिए लिए गए।

सूचना लीक होने से आरोपी पहले ही निकले

कार्रवाई से पहले सूचना लीक होने की बात भी सामने आई। टीम के पहुंचने से पहले ही कई संदिग्ध घरों से निकल गए थे। ज्यादातर मकानों में बुजुर्ग और बच्चे ही मिले। पहली बार कार्रवाई के दौरान ड्रोन से इलाके की निगरानी की गई। अधिकारियों के मुताबिक क्षेत्र में पहले भी अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है।

सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र सिंह धाकड़ के निर्देशन में कार्रवाई की गई। टीम ने बताया कि लखनपुरा से तरावली मंदिर जाने वाले रास्ते के आसपास अवैध शराब बनाने और बेचने की सूचना मिली थी। संयुक्त टीम में पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

महिला पार्षद पर टिप्पणी को लेकर विवाद, मंत्री विजयवर्गीय ने मांगी माफी, मंत्री की ओर से स्पष्टीकरण और माफी सामने आई

डीआर संवाददाता»इंदौर।

नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की एक महिला पार्षद को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद खड़ा हो गया। इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-1 में नर्मदा लाइन डालने सहित अन्य निर्माण कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने भाजपा की महिला पार्षद संध्या यादव को लेकर टिप्पणी की थी।

इसे लेकर मामला चर्चा में आ गया।

विवाद बढ़ने के बाद कैलाश विजयवर्गीय ने अपनी टिप्पणी पर माफी मांगते हुए कहा कि संध्या यादव उनकी बेटी जैसी हैं। उन्होंने कहा कि उनकी बात का उद्देश्य किसी का अपमान करना नहीं था। मंत्री की सफाई के बाद मामले को लेकर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भी चर्चा शुरू हो गई।

कार्यक्रम के दौरान की गई टिप्पणी को लेकर आपत्ति जताई गई थी। इसके बाद मंत्री की ओर से स्पष्टीकरण और माफी सामने आई। संध्या यादव भाजपा की पार्षद हैं। मामले में मंत्री ने स्पष्ट किया कि उनके मन में महिला पार्षद के प्रति किसी तरह का अपमानजनक भाव नहीं था।

एमडीआर के विरोध में आज नो यूपीआई डे, भोपाल-इंदौर समेत प्रदेशभर में व्यापारी करेंगे विरोध

डीआर संवाददाता»भोपाल।

यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) के विरोध में बुधवार को भोपाल, इंदौर समेत मध्यप्रदेश के कई शहरों में व्यापारी नो यूपीआई डे मनाएंगे। आंदोलन में शामिल व्यापारी दिनभर यूपीआई से भुगतान स्वीकार नहीं करेंगे। ग्राहकों से नकद या अन्य उपलब्ध भुगतान माध्यमों से राशि देने की अपील की गई है। व्यापारियों का विरोध 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई भुगतान पर लगाए जाने वाले 0.4 प्रतिशत एमडीआर को लेकर है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव अनुपम अग्रवाल ने व्यापारियों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। संगठन ने 15 अक्टूबर से 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई भुगतान स्वीकार नहीं करने का भी निर्णय लिया है।

वित्त मंत्री बोलीं- ग्राहक पर नहीं पड़ेगा बोझ

नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एमडीआर को लेकर कहा कि इसका बोझ ग्राहकों पर नहीं पड़ेगा। [illegible]

उनके अनुसार शुल्क की राशि बैंकों, भुगतान सेवा प्रदाताओं और यूपीआई एप कंपनियों के बीच बांटी जाएगी। सरकार के अनुसार 2,000 रुपए तक के व्यापारी भुगतान और व्यक्ति-से-व्यक्ति भुगतान मुक्त रहेंगे। 2,000 रुपए से अधिक के उन व्यापारी भुगतानों पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लागू होगा। सरकार का दावा है कि करीब 96 प्रतिशत व्यापारी भुगतान

अनुमति फाइनल प्लान का प्रकाशन अदालत की अनुमति के बाद ही किया जा सकेगा।

21 साल से लंबित भोपाल मास्टर प्लान के ड्राफ्टका रास्ता साफ, अंतिम मंजूरी सुप्रीम कोर्टसे होगी

डीआर संवाददाता»भोपाल

करीब 21 साल से लंबित भोपाल के नए मास्टर प्लान के ड्राफ्ट के प्रकाशन का रास्ता मंगलवार को साफ हो गया। रहवासी क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों और सीलिंग कार्रवाई से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को मास्टर प्लान का ड्राफ्ट जारी करने की अनुमति दे दी। हालांकि अंतिम मास्टर प्लान प्रकाशित करने से पहले सरकार को इसकी जानकारी सुप्रीम कोर्ट को देनी होगी। फाइनल प्लान का प्रकाशन अदालत की अनुमति के बाद ही किया जा सकेगा।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सीलिंग कार्रवाई में लापरवाही और पूर्व निर्देशों का प्रभावी पालन नहीं होने की शिकायतों पर नाराजगी जताई। रहवासियों की ओर से भी शिकायतें पेश की गईं। इनमें आरोप लगाया गया कि कुछ प्रतिष्ठानों को सुबह सील किया जाता है और शाम को वे दोबारा खुल जाते हैं। कोर्ट ने नगर निगम को सीलिंग की कार्रवाई प्रभावी ढंग से जारी रखने के निर्देश दिए। इस मामले में अब नई कमेटी गठित नहीं की जाएगी।

वर्ष 2047 की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार ड्राफ्ट नए मास्टर प्लान का खाका वर्ष 2047 को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें भविष्य की आबादी, यातायात व्यवस्था, नए आवासीय क्षेत्र, व्यावसायिक गतिविधियों और शहर के बुनियादी ढांचे की जरूरतों को शामिल किया गया है। अंतिम रूप देने से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

8000 कारोबारियों को नोटिस, 300 प्रतिष्ठान सील

भोपाल नगर निगम ने व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े करीब 8000 कारोबारियों को नोटिस जारी किए हैं। इनमें से करीब 300 प्रतिष्ठानों को सील किया जा चुका है, जबकि लगभग 50 मामलों में सीलिंग के तहत निर्माण हटाने की कार्रवाई की गई है। निगम ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा भी दाखिल किया है।

छह जिलों के मास्टर प्लान का ड्राफ्ट जारी

भोपाल के अलावा देवास, मंदसौर, बड़वानी, खंडवा, धार और नरसिंहपुर के मास्टर प्लान के ड्राफ्ट की प्रक्रिया भी आगे बढ़ चुकी है। इनमें देवास, मंदसौर और बड़वानी में ड्राफ्ट पर सुनवाई अंतिम चरण में है, जबकि अन्य जिलों में भी प्रक्रिया जल्द पूरी किए जाने की बात कही गई है।

भारी ट्रैफिक में निर्माण देखकर मंत्री नाराज, एजेंसी पर 20 लाख रुपए की पेनल्टी

डीआर संवाददाता»भोपाल

बैरागढ़ फ्लाईओवर निर्माण में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में लापरवाही मिलने पर निर्माण एजेंसी पर 20 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई गई है। मंगलवार शाम लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान भारी ट्रैफिक के बीच निर्माण कार्य चलता मिला। बैरिकेडिंग व्यवस्थित नहीं थी, सर्विस रोड खराब थी और धूल उड़ने के बावजूद पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा था।

अव्यवस्था देखकर मंत्री ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से पूछा कि जब दिन में यातायात का दबाव अधिक रहता है तो भारी निर्माण कार्य दिन में क्यों कराया जा रहा है। उन्होंने ऐसे काम रात में कराने के निर्देश दिए, ताकि वाहन चालकों को परेशानी न हो और हादसे की आशंका कम रहे। मंत्री ने तीन दिन में सुरक्षा व्यवस्था सुधारने को कहा। दोबारा लापरवाही मिलने पर अधिकारियों पर भी कार्रवाई की चेतावनी दी।

काम वाले हिस्से में ही लगेंगे बैरियर

विधायक रामेश्वर शर्मा ने फ्लाईओवर की निर्माण तकनीकी और सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी जानकारी मांगी। मंत्री ने निर्देश दिए कि बैरिकेडिंग केवल निर्माण वाले हिस्से में लगाई जाए और बाकी सड़क यातायात के लिए खुला रखा जाए।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12-2083 सीहोर, दिन बुधवार,दिनांक 23 सितम्बर 2026

न्यूज गैलरी

चार ठिकानों पर दबिश, 28,760 की अवैध शराब जब्त

सीहोर। जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देश पर चल रही विशेष मुहिम में विभागीय टीमों ने अलग-अलग गांवों में दबिश देकर 22 पाव देशी मदिरा, 15 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब और 240 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित बाजार कीमत 28,760 रुपए आंकी गई है। मौके पर मिला महुआ लाहन नष्ट कर दिया गया। जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि जिले के अलग-अलग स्थानों में कार्रवाई कर 4 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

डोल में सजे कन्हैया, जयकारों से गूंजा बाजार

भैरूंदा। डोल ग्यारस के अवसर पर मंगलवार को छोटा बाजार में भगवान श्रीकृष्ण के डोल का धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। आयोजन की शुरुआत शाम 4 बजे हुई। शाम 7:30 बजे महाआरती की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान [illegible], जय कन्हैया लाल की जयकारे लगे।

अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस कार्यक्रम का आयोजन 23 सितंबर को

सीहोर। अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर 23 सितंबर 2026 को प्रातः 11 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पूर्व निर्धारित स्थान जिला पंचायत सीहोर के सभा कक्ष में परिवर्तन करते हुए अब कार्यक्रम राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान, भोपाल-इंदौर बायपास, सीहोर में आयोजित किया जाएगा।

उपचुनाव के मद्देनजर सतारना की कंपोजिट मदिरा दुकान 27 से 29 सितंबर तक बंद रहेगी

सीहोर। जनपद पंचायत भैरूंदा के जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक-16 के उपचुनाव वर्ष 2026 को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सतारना स्थित कंपोजिट मदिरा दुकान को निर्धारित अवधि में बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री बालागुरु के. द्वारा जारी आदेश के अनुसार कंपोजिट मदिरा दुकान सतारना को 27 सितंबर 2026 को दोपहर 3 बजे से 29 सितंबर 2026 को मतदान समाप्ति तक बंद रखा जाएगा।

तीर्थंकर बालक ढूंढो, बनो माता में शुचि प्रखर जैन विजेता

सीहोर। पर्युषण महापर्व के तहत श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दशलक्षण पर्व के छठवें दिन उत्तम संयम धर्म के अवसर पर स्तुति महिला मंडल के तत्वावधान में तीर्थंकर बालक ढूंढो, बनो माता धार्मिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिता आयोजित हुई। समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पांच चरणों से गुजरना पड़ा। इस दौरान महिलाओं ने अपनी प्रतिभा और उत्साह का प्रदर्शन किया। अंतिम चरण में शुचि प्रखर जैन विजेता रहीं। उन्हें भगवान की माता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। विजेता की घोषणा होते ही उपस्थित समाजजनों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।

स्वामित्व योजना

स्वामित्व योजना की शुरुआत अटकी, पांच दिन बाद भी रजिस्ट्री शून्य

पटवारियों के कार्य बहिष्कार से प्रभावित हुआ अभियान, ग्रामीणों को पक्के मालिकाना हक के लिए करना पड़ रहा इंतजार

डीआर संवाददाता-सीहोर

सीहोर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से मध्यप्रदेश सहित सीहोर जिले में शुरू की गई स्वामित्व योजना की मुफ्त संपत्ति पंजीयन प्रक्रिया पांच दिन बाद भी रफ्तार नहीं पकड़ सकी है। जिले में अब तक योजना के तहत एक भी रजिस्ट्री नहीं हुई है। प्रदेशभर में पटवारियों की हड़ताल और कार्य बहिष्कार के कारण अभियान का काम प्रभावित है। शासन ने ग्रामीण आबादी क्षेत्र में स्थित मकानों और भूखंडों का मुफ्त पंजीयन कर लोगों को कानूनी मालिकाना हक देने की योजना शुरू की है, लेकिन शुरुआत में ही कर्मचारियों के विरोध के चलते इसकी प्रक्रिया अटक गई है।

खास बात यह है कि राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा सीहोर जिले की इछावर विधानसभा क्षेत्र से आते हैं। ऐसे में उनके गृह जिले में ही योजना के तहत पंजीयन शुरू नहीं हो पाना जमीनी स्थिति को सामने रखता है। सीहोर जिले में सीहोर, बुधनी, आष्टा और इछावर विधानसभा क्षेत्र आते हैं। शासन ने प्रदेशभर में ग्रामीण आबादी की करीब 50 लाख निजी संपत्तियों का मुफ्त पंजीयन कराने का लक्ष्य रखा है।

पटवारियों के बहिष्कार से अटका काम

राज्य सरकार ने 17 सितंबर से एक महीने का विशेष अभियान शुरू किया है। इसके तहत संपत्ति पंजीयन पर लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाना है। योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का कानूनी मालिकाना हक उपलब्ध कराना है। संपत्ति का रिकॉर्ड मिलने से जरूरत पड़ने पर बैंक से ऋण लेने में सुविधा मिलने और जमीन संबंधी विवादों में कमी आने की उम्मीद है।

हालांकि मध्यप्रदेश पटवारी संघ की हड़ताल और कार्य बहिष्कार के कारण योजना की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। पटवारी संघ ने 15 सितंबर को शासन को ज्ञापन देकर स्वामित्व योजना के कार्य में निष्पादक के रूप में शामिल होने और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने का विरोध जताया था। संघ का कहना है कि भविष्य में संपत्ति, वारिस या अन्य विवाद सामने आने पर पटवारियों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराए जाने की आशंका है।

इन मांगों को लेकर विरोध

पटवारियों की आपत्ति केवल स्वामित्व योजना तक सीमित नहीं है। संघ वेतन विसंगति, पे-स्केल और कैडर रिव्यू सहित लंबे समय से लंबित मांगों को उठाता रहा है। इसके अलावा फार्मर आईडी, डिजी टैगिंग जैसे अतिरिक्त तकनीकी कार्यों का भार भी पटवारियों पर बढ़ने की बात कही गई है। पटवारियों का कहना है कि ग्रामीण आबादी के रिकॉर्ड से संबंधित काम ऐतिहासिक रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जुड़ा रहा है, इसलिए इसमें संबंधित विभाग के कर्मचारियों की भूमिका होनी चाहिए।

पटवारी संघ जिलाध्यक्ष राजय राठौर के अनुसार मांगें पूरी होने तक स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री प्रक्रिया में बहिष्कार जारी रहेगा।

अभी ई-केवाईसी का काम

सीहोर एसडीएम तन्मय शर्मा ने बताया कि फिलहाल भू-लेख पोर्टल पर मैप लिंकिंग तथा आधार और समग्र की ई-केवाईसी का काम चल रहा है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद संपदा ऐप के माध्यम से हितग्राही का पंजीयन शुरू किया जाएगा।

भोपाल-इंदौर हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलटी

डीआर संवाददाता-सीहोर

भोपाल-इंदौर राजमार्ग पर अमलाहा गांव के पास मंगलवार को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो तेज गति से जा रही थी। इसी दौरान चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और स्कॉर्पियो सड़क किनारे पलट गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

जेसीबी की मदद से हटाया वाहन

दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे पलटे वाहन को हटाने की कार्रवाई शुरू की। क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो को हटाने के लिए जेसीबी बुलाई गई। जेसीबी की मदद से वाहन को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखा गया। इससे हाईवे पर यातायात व्यवस्था प्रभावित होने से बची।

पुलिस जुटा रही जानकारी

हादसे के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुर्घटना की परिस्थितियों और इसके कारणों की जानकारी जुटा रही है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार के कारण वाहन अनियंत्रित होने की बात सामने आ रही है। हालांकि हादसे की वास्तविक वजह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। वाहन में कितने लोग सवार थे और उनकी स्थिति क्या रही, इसकी जानकारी भी पुलिस द्वारा जुटाई जा रही है।

पुराने मीटरों के आधार पर चोरी के नोटिस का आरोप, एसडीएम ने दिए जांच के निर्देश

आष्टा। शहर में बिजली बिल और पुराने मीटरों के आधार पर कथित बिजली चोरी के नोटिस जारी किए जाने को लेकर विवाद सामने आया है। [illegible] ने एसडीएम [illegible] को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर के अधिकतर घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, इसके बावजूद 3 से 5 माह पहले बदले गए पुराने मीटरों के आधार पर उपभोक्ताओं को नोटिस दिए जा रहे हैं। वहीं स्मार्ट मीटर लगने के बाद 300 से 500 रुपए के स्थान पर 5 से 10 हजार रुपए तक के बिल आने की शिकायत भी की गई। एसडीएम ने ज्ञापन के आधार पर बिजली विभाग को जांच के निर्देश दिए।

भव्य डोल पर सवार होकर निकले भगवान नृसिंह, 10 घंटे से अधिक हुआ नगर भ्रमण

डीआर संवाददाता-सीहोर

कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में मंगलवार को डोल ग्यारस का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। 75 वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत भगवान श्री नृसिंह को करीब 20 फीट ऊंचे भव्य डोल में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। दर्शन के लिए मार्ग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। आकर्षक [illegible] बैंड-बाजे और झांकी कलाकारों की प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

सुबह मंदिर में भगवान का विशेष श्रृंगार और पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद दोपहर में डोल यात्रा शुरू हुई। कोलीपुरा से निकला डोल [illegible] कॉलोनी, [illegible], नदी चौराहा, कोतवाली चौराहा सहित शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा।

रास्ते में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुष्प अर्पित किए।

डोल 10 घंटे से अधिक समय तक नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करता रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। संत [illegible] महाराज और मंदिर समिति अध्यक्ष दुर्गेश यादव ने बताया कि डोल के नीचे से निकालकर भगवान का आशीर्वाद लेने की परंपरा भी लंबे समय से चली आ रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें शामिल हुए। मंदिर से डोल निकालने की परंपरा 75 वर्षों से अधिक पुरानी बताई गई है। पीढ़ियों से चली आ रही इस परंपरा के प्रति शहर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष आस्था है।

कोतवाली चौराहे पर नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया डोलों का स्वागत

डीआर संवाददाता-सीहोर

डोल ग्यारस के अवसर पर मंगलवार को शहर के विभिन्न मंदिरों से निकले डोल और विमानों का नगर पालिका परिषद की ओर से कोतवाली चौराहे पर स्वागत-सम्मान किया गया। बैंड-बाजे और धार्मिक जयकारों के साथ अलग-अलग मंदिरों से भगवान को डोल और विमानों में विराजमान कर शोभायात्राएं निकाली गईं। चौराहे पर पहुंचने पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पार्षदों और क्षेत्रवासियों ने भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

इस दौरान मंदिरों के महंतों और पुजारियों का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का वितरण भी हुआ। विभिन्न क्षेत्रों से डोलों के पहुंचने के साथ कोतवाली चौराहा धार्मिक उत्सव के रंग में नजर आया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुष्प अर्पित किए और आशीर्वाद लिया।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि डोल ग्यारस शहर की धार्मिक परंपरा से जुड़ा प्रमुख पर्व है। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों से भगवान के डोल नगर भ्रमण पर निकलते हैं और श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

अनंत चौदस पर अटल चौराहे पर होगा आयोजन

राठौर ने बताया कि अनंत चौदस पर अटल चौराहे पर मंच लगाया जाएगा। गणेश उत्सव के दौरान निकलने वाली आकर्षक झांकियों को पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं विभिन्न अखाड़ों को प्रोत्साहन राशि देकर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा।

सोयाबीन फसल खराब होने पर मुआवजे की मांग, किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता- दोराहा।

क्षेत्र में लगातार बारिश और अतिवृष्टि के कारण सोयाबीन फसल को हुए नुकसान को लेकर किसानों ने मुआवजा और फसल बीमा राशि दिलाने की मांग की है। मंगलवार को भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने तहसीलदार दोराहा को ज्ञापन सौंपकर फसल नुकसान का जल्द सर्वे कराने की मांग रखी।

किसानों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण कई खेतों में पानी भर गया है। इससे सोयाबीन की फसल प्रभावित हुई है और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि खेती में पहले ही काफी खर्च हो चुका है। ऐसे में फसल खराब होने से आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। किसानों ने प्रशासन से मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों में जल्द सर्वे कराया जाए और सर्वे के आधार पर पात्र किसानों को शासन की ओर से मुआवजा तथा फसल बीमा राशि उपलब्ध कराई जाए। किसानों ने राहत राशि की प्रक्रिया में भी तेजी लाने की मांग की है।

ज्ञापन देने के दौरान जनपद सदस्य रमेश लोधी भी किसानों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने किसानों के हस्ताक्षर कराकर अपने लेटर पैड पर उनकी समस्याओं को दर्ज किया और तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

इसके साथ ही किसानों ने सिंचाई के लिए दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। किसानों का कहना है कि पर्याप्त बिजली मिलने से सिंचाई कार्य समय पर हो सकेगा। भारतीय किसान संघ ने फसल नुकसान का सही आकलन कर जल्द राहत दिलाने की मांग की।

फर्जी हाजिरी

पहुंचाए जा रहे दीपक

आउटसोर्स कर्मचारियों ने वेतन और श्रम अधिकारों को लेकर सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता- सीहोर

सीहोर। मध्यप्रदेश राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर मंगलवार को सीहोर जिले में आउटसोर्स एवं ठेका प्रथा के तहत कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। संघ पदाधिकारियों ने डिप्टी कलेक्टर किरण दरवड़े को ज्ञापन दिया। इसके माध्यम से जिला श्रम अधिकारी के जरिए श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया।

संघ ने मांग की कि आउटसोर्स कर्मचारियों को श्रम कानूनों के अनुसार न्यूनतम वेतन, भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, बोनस और मानदेय का समय पर भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। पदाधिकारियों का कहना है कि विभिन्न शासकीय विभागों, निगमों, मंडलों, अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों में सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को कई-कई महीनों तक वेतन नहीं मिल रहा है। इससे कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है। ज्ञापन में आउटसोर्स व्यवस्था के नाम पर कर्मचारियों के कथित शोषण को रोकने तथा ठेकेदारों और एजेंसियों को श्रम नियमों का पालन करने के लिए पाबंद करने की मांग की गई। संघ ने ईपीएफ, ईएसआईसी और मानदेय का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित कराने पर जोर दिया।

जिला अध्यक्ष अरविन्द शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह सिसोदिया, प्रदेश महामंत्री प्रकाश पुंज चौधरी, संभाग प्रभारी रत्नेश सेन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों को उनके काम का भुगतान निर्धारित समय पर मिलना चाहिए।

श्रम विभाग की ओर से नियोजकों को आउटसोर्स कर्मचारियों को श्रम कानूनों का लाभ देने और निर्धारित समय पर वेतन भुगतान के निर्देश दिए गए हैं। वेतन भुगतान की रिपोर्ट हर माह 7 तारीख तक प्रस्तुत करना होगी। विभाग और आउटसोर्स एजेंसी का पंजीयन भी अनिवार्य किया गया है। निरीक्षण में नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जनसुनवाई में 42 आवेदकों ने रखी समस्याएं

डीआर संवाददाता- सीहोर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव और अपर कलेक्टर [illegible] सक्सेना ने जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में 42 आवेदकों ने आवेदन सौंपे। इनमें भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, मेड़-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता और मुआवजे से संबंधित मामले शामिल रहे। जिला मुख्यालय के साथ जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई हुई। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12-2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 23 सितम्बर 2026

न्यूज गैलरी

26 विभागों के 20 प्रतिशत अधिकारी ही बैठक में पहुंचे

भैरूंदा। जनपद पंचायत भैरूंदा के सभाकक्ष में मंगलवार को सामान्य सभा की बैठक हुई, लेकिन बैठक में जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही। उपलब्ध जानकारी के अनुसार करीब 50 प्रतिशत जनप्रतिनिधि ही बैठक में पहुंचे, जबकि बुलाए गए 26 विभागों के अधिकारियों में लगभग 20 प्रतिशत अधिकारी या उनके प्रतिनिधि ही मौजूद रहे।

कुआं पूजन के बाद प्रमुख मार्गों से निकाली यात्रा

बिलकिसगंज। जलझूलनी एकादशी यानी डोल ग्यारस पर मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण के आकर्षक विमानों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गांव के मुख्य श्रीराम दरबार मंदिर में तीन मंदिरों के विमान एकत्रित हुए। यहां सामूहिक आरती के बाद ग्रामीण भगवान के विमानों को लेकर कुआं पूजन के लिए रवाना हुए। कुएं पर पहुंचकर भगवान की विधि-विधान से पूजा व पूजा-अर्चना और आरती की गई। ग्रामीणों के अनुसार, डोल ग्यारस पर कुआं पूजन की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। धार्मिक मान्यता में कुएं को जल और जीवन का प्रतीक माना जाता है। कुआं पूजन के बाद भगवान के विमानों के साथ शोभायात्रा निकाली गई जो वापस श्रीराम दरबार मंदिर पहुंची। ग्रामीण भगवान की झांकी को कंधों पर लेकर चल रहे थे और [illegible] के जयकारे लगा रहे थे।

सामनत को दी श्रद्धांजलि

आष्टा। समाजसेवी और उद्योगपति व [illegible] ग्रुप के संचालक देवकरण राठौर और वीरेंद्र राठौर के पिता सामनत के अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि के लिए लोग निवास पहुंचे। इस दौरान तत्कालीन अपर कलेक्टर राजेश राठौर भी आए।

बैडमिंटन में सीहोर और भैरूंदा का दबदबा

आष्टा। शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में जिला स्तरीय बैडमिंटन महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता आयोजित हुई। महिला वर्ग में अग्रणी महाविद्यालय सीहोर प्रथम, पुरुष वर्ग में शासकीय चंद्रशेखर महाविद्यालय भैरूंदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कुआं पूजन के बाद प्रमुख मार्गों से निकाली यात्रा

शराब बिक्री पर रोक की मांग, कलेक्ट्रेट पहुंची आदिवासी महिलाएं

सीहोर। लोहिया पठार की आदिवासी महिलाओं ने गांव में शराब की बिक्री और कथित अवैध कारोबार पर रोक लगाने की मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने डिप्टी कलेक्टर किरण [illegible] को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं का आरोप है कि शराब की लत के कारण परिवारों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है और घरों में विवाद बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि शराब के कारण बच्चों और युवाओं पर भी असर पड़ रहा है। महिलाओं ने लोहिया पठार में शराब की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने, गांव की शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने और कच्ची शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। महिलाओं का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो कलेक्ट्रेट का घेराव और चक्काजाम किया जाएगा।

डोल ग्यारस सीहोर में डोल ग्यारस पर्व बुधवार को धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

दो डोल तैयार किए गए थे। महिलाओं के द्वारा मा यशोदा की पूजा-अर्चना कर उनकी गोद भराई की गई

डीआर संवाददाता» आष्टा।

डीआर संवाददाता» श्यामपुर सीहोर में डोल ग्यारस पर्व बुधवार को धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। शहरभर के मंदिरों से भगवान के विमान निकाले, जिनमें सजी-धजी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा के दौरान मार्ग में जगह-जगह भक्तों ने विमान का पूजन-अर्चन किया और पुष्प वर्षा से स्वागत किया।

भव्य शोभायात्रा में उमड़ा जनसमूह

मढ़ी क्षेत्र के बड़ा मंदिर, छोटे मंदिर और एसपीडी रोड स्थित लोधी मोहल्ला मंदिर से भगवान के विमान नगर भ्रमण पर निकाले गए। सभी मंदिरों के डोल एकत्र होकर मुख्य मार्गों से गुजरे। यात्रा के दौरान महिलाओं और श्रद्धालुओं ने आस्था भाव से आरती उतारी और पूजा की।

हाथी-घोड़ा पालकी के जयकारे

शोभायात्रा में शामिल भक्त पूरे रास्ते 'हाथी-घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की' के जयकारे लगाते रहे। पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर हो उठा।

पूरे शहर और गांवों में उत्सव का माहौल

डोल ग्यारस पर सीहोर शहर उत्सव के रंग में रंगा दिखाई दिया। सड़कों पर शोभायात्रा देखने और पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। पोस्ट ऑफिस रोड पर आजाद बाल गणेश उत्सव समिति ने भगवान के विमानों का स्वागत किया। सिर्फ शहर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी डोल ग्यारस बड़े धूमधाम से मनाई गई।

गांवों की विशेष परंपरा

निपानिया कला ग्राम निपानिया कला में डोल ग्यारस की शुरुआत राम मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ की जाती है। इसके बाद शोभायात्रा पंचायत भवन, चौधरी मोहल्ला, हरिजन मोहल्ला और हनुमान मंदिर से होती हुई काली माता और कॉलोनी क्षेत्र से निकलकर नदी किनारे पहुंचती है। यहां भगवान की सामूहिक पूजा और आरती होती है। इसके बाद शोभायात्रा पुनः गांव के हनुमान मंदिर पहुंचती है, जहां भगवान का विसर्जन किया जाता है।

अनेक गांवों में उल्लास

सीहोर जिले के साथ-साथ आसपास के कई गांवों और कस्बों में भी डोल ग्यारस पर्व की धूम रही। श्यामपुर, दोराहा, अहमदपुर, बरखेड़ा हसन, झरखेड़ा, झूमरखेड़ी, बरनाल, बढ़ाप गांव, फतेहपुर, [illegible] जागीर, बमूलिया दोराहा, हिंगोनी, सिराडी, [illegible], धतूरिया बमला, लसूड़िया, [illegible], निपानिया कला, रोला, सोनकच्छ, खाईखेड़ा, छापरी सहित संपूर्ण क्षेत्र में श्रद्धालुओं ने परंपरा के अनुसार डोल ग्यारस मनाई। ढोल-नगाड़ों की गूंज और पारंपरिक गीत-संगीत के बीच शोभायात्राएं निकाली गईं और नदी-तालाबों के किनारे सामूहिक पूजा-अर्चना की गई।

कब्जे से किसानों की जमीन मुक्त, फसल काटने वालों पर कार्रवाई की मांग

डीआर संवाददाता» सीहोर

दलित वर्ग की कृषि भूमि एवं भू-अधिकार से जुड़ी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेंद्र [illegible] यादव ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा।

कलेक्टर के [illegible] के प्रतिनिधि [illegible] को सौंपे ज्ञापन में विभिन्न गांवों में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की कृषि भूमि से संबंधित मामलों का निराकरण कराने की मांग की गई। ज्ञापन में ग्राम [illegible] के अनुसूचित जाति वर्ग के मोहन मालवीय, [illegible], राजाराम एवं जीवन पिता फकीरचंद की शासकीय पट्टे की [illegible]

लसुड़िया परिहार में दोबारा सर्वे कराने की उठी मांग

ग्राम लसुड़िया परिहार में भू-अधिकार पट्टे प्रदान करने के लिए कराए गए ड्रोन सर्वे का मुद्दा भी ज्ञापन में उठाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि सर्वे में अनुसूचित जाति जाटव वर्ग के पात्र लोगों के नाम दर्ज नहीं किए गए हैं व कुछ मकानों के स्थान पर अन्य लोगों के नाम दर्ज किए गए हैं। उन्होंने गांव में दोबारा सर्वे कराकर पीड़ितों के [illegible] अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र परिवारों को भू-अधिकार पट्टे देने की मांग की। इस दौरान पूर्व सरपंच गंगाविशन मालवीय, सुनील अहिरवार, [illegible] जाटव, कुलदीप मालवीय, [illegible] आदि मौजूद रहे। भूमि पर कब्जे का मामला उठाया गया। ज्ञापन में आरोप लगाया कि एक भूमि पर [illegible] वर्ष से कब्जा किया गया था। जिला प्रशासन द्वारा मौके पर [illegible] की मांग की गई। कई गांवों में भूमि मामलों को जनसुनवाई में उठाया गया। ज्ञापन में ग्राम [illegible] की कृषि भूमि पर कथित [illegible] से कब्जे का मामला भी शामिल किया गया।

ऋण प्रकरण अनावश्यक लंबित न रहें, पात्र हितग्राहियों को समय पर ऋण

डीआर संवाददाता» सीहोर

जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलसीसी) की बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने बैंकवार और विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत ऋण प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रखें और पात्र हितग्राहियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने कहा कि ऋण प्रकरण लंबे समय तक लंबित रहने से हितग्राहियों को बैंक और कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। बैंक अधिकारियों को प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करना चाहिए। दस्तावेज या अन्य औपचारिकताओं में कमी होने पर संबंधित विभाग और बैंक आपसी समन्वय से उसे शीघ्र पूरा कराएं, ताकि हितग्राहियों को परेशानी न हो।

बैठक में विभिन्न योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचाने और लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री [illegible] योजना, स्व-सहायता समूह लिंकेज, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, [illegible], बिरसा मुंडा, संत रविदास और टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना की प्रगति पर चर्चा हुई।

लहसुन 17 हजार और सरसों 7,275 रुपए क्विंटल तक बिकी

डीआर संवाददाता» सीहोर

कृषि उपज मंडियों में मंगलवार को विभिन्न फसलों के भाव में उतार-चढ़ाव रहा। सीहोर मंडी में लहसुन का अधिकतम भाव 17 हजार रुपए क्विंटल तक पहुंचा। वहीं कुलावर मंडी में सरसों 7,275 रुपए क्विंटल तक बिकी। बेहतर गुणवत्ता की उपज लेकर पहुंचे किसानों को अपेक्षाकृत अच्छे भाव मिले।

सीहोर मंडी समिति की दैनिक रिपोर्ट के अनुसार 22 सितंबर को मंडी में कुल 8,187 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई। गेहूं की आवक प्रमुख रही। लोकमन गेहूं की करीब 1,200 क्विंटल आवक हुई। लहसुन के साथ धनिया के भाव भी मजबूत रहे। सीहोर मंडी में धनिया का अधिकतम भाव 13,700 रुपए क्विंटल दर्ज किया गया।

[illegible] जिले की कुलावर मंडी में भी गेहूं की अच्छी आवक रही। यहां विभिन्न प्रकार के गेहूं की कुल आवक करीब 1,587 क्विंटल रही। शरबती का अधिकतम भाव 7,205 रुपए और मॉडल भाव 7,110 रुपए क्विंटल रहा। धनिया का अधिकतम भाव 12,515 रुपए क्विंटल दर्ज किया गया। मंडी में भावों में अंतर उपज की गुणवत्ता, नमी और मांग के अनुसार रहा। किसानों का कहना है कि अच्छी गुणवत्ता की उपज के लिए बेहतर भाव मिलने से बाजार में उम्मीद बनी हुई है। मंडी में उपज लाते समय साफ-सफाई और गुणवत्ता का ध्यान रखने से बेहतर दाम मिलने की संभावना रहती है।

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में सेवा संकल्प अभियान के तहत हुआ करियर काउंसलिंग सत्र

डीआर संवाददाता» सीहोर।

जिला रोजगार कार्यालय और भारतीय वायुसेना के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, सीहोर में करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना में करियर बनाने के लिए उपलब्ध विभिन्न अवसरों और भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में 15 एयरमैन [illegible] श्यामला हिल्स, भोपाल से आए सार्जेंट राजेश कुमार और [illegible] ने विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना में उपलब्ध विभिन्न पदों और प्रवेश मार्गों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने वायुसेना में शामिल होने के लिए आवश्यक शैक्षणिक पात्रता, चयन प्रक्रिया और करियर की संभावनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी आवश्यक बातों से अवगत कराते हुए उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। विद्यार्थियों ने वायुसेना में भर्ती और करियर से संबंधित विभिन्न सवाल पूछे, जिनके अधिकारियों ने जवाब दिए।

करियर काउंसलिंग सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना में रोजगार और करियर निर्माण की संभावनाओं की जानकारी का अवसर मिला। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से [illegible] का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला रोजगार अधिकारी कमलेश पटेल और [illegible] विवेक यादव की भी सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में वायुसेना में करियर को लेकर उत्साह दिखाई दिया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न ट्रेड, भर्ती और चयन प्रक्रिया की जानकारी का लाभ उठाने के

शिक्षकों के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रांतीय शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों का समय पर निराकरण न होने से शिक्षकों में असंतोष एवं भ्रम की स्थिति

डीआर संवाददाता» सीहोर

शिक्षकों की लंबे समय से लंबित विभिन्न समस्याओं के निराकरण और शिक्षक हित में आवश्यक कदम उठाने की मांग को लेकर प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा कलेक्टर महोदय के नाम संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार को एक ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों का समय पर निराकरण न होने से शिक्षकों में असंतोष एवं भ्रम की स्थिति निर्मित हो रही है।

ज्ञापन के माध्यम से संघ ने निम्नलिखित प्रमुख मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की है। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेश क्रमांक 3740 (दिनांक [illegible]) के तहत बीएड एवं [illegible] की प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया को नियमानुसार शीघ्र पूर्ण किया जाए। 2014 में नियुक्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों की 12 व 24 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर क्रमोन्नति आदेश जारी किए जाएं। ज्ञापन सौंपने के दौरान कार्यकारी महासचिव सतीश त्यागी, जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना, प्रांतीय मीडिया प्रभारी प्रदीप [illegible], बलराम पंवार, हेमंत मालवीय, बद्री प्रसाद वर्मा, विनोद सेन, विनोद सेंगर, राजेश तिवारी, राजेश राठी, कंवर वर्मा, चंद्रमा गढ़वाल, दीपिका उपाध्याय, जायसवाल, ओमप्रकाश परमार, राजेंद्र [illegible], आशीष शर्मा, जगदीश [illegible], मुकेश बैरागी, [illegible] मानसिंह [illegible] दांगी और शिक्षक मौजूद रहे।

श्रीमद भागवत कथा आज मनाया जाएगा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव, ग्यारस पर किया फलहारी प्रसादी का वितरण

कड़वे वचनों को ध्रुव ने ताना नहीं, भगवान को पाने का मार्ग मान लिया पंडित मिश्रा

डीआर संवाददाता» सीहोर

शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए ध्रुव चरित्र, जड़भरत, भक्त प्रहलाद और भगवान वामन अवतार की कथा सुनाई। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति में भाव-विभोर नजर आए।

पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि संतान होना भाग्य की बात है, लेकिन संतान से सुख प्राप्त होना सौभाग्य की बात है। माता-पिता के संस्कार ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। परिवार में प्रेम, सम्मान और धर्म का वातावरण बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि भक्ति के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति को दूसरों के कड़वे वचनों और निंदा की चिंता नहीं करनी चाहिए। सत्य के मार्ग पर चलने वालों को कई बार निंदा और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है, लेकिन भक्त को इससे विचलित नहीं होना चाहिए। ध्रुव ने कड़वे वचनों को ताना नहीं माना, बल्कि उसे भगवान को पाने का मार्ग मान लिया। इसी अटल विश्वास और साधना के कारण ध्रुव का चरित्र आज भी प्रेरणा देता है। अटल विश्वास और समर्पण से दूर होती हैं जीवन की बाधाएं

कथा के दौरान पंडित श्री मिश्रा ने ध्रुव और प्रहलाद के जीवन प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि दोनों ही भगवान के प्रति अटूट विश्वास, भक्ति और सत्य के प्रतीक हैं। उन्होंने माया-मोह से ऊपर उठकर भगवान को अपना एकमात्र आराध्य माना। उनके जीवन से यह सीख मिलती है कि भक्ति के लिए सबसे आवश्यक अटूट विश्वास और सच्चा समर्पण है। उन्होंने कहा कि ध्रुव और प्रहलाद ने विपरीत परिस्थितियों और कठिनाइयों के बावजूद भगवान की आराधना नहीं छोड़ी। इसी प्रकार मनुष्य को भी जीवन में आने वाले संकटों से घबराने के बजाय भगवान पर विश्वास रखते हुए अपने मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। धार्मिक आस्था के अनुसार सच्चे मन से की गई प्रार्थना और भक्ति भक्त को आंतरिक शक्ति प्रदान करती है।

बच्चों को सुनाएं ध्रुव और प्रहलाद की कथा

पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को अच्छे संस्कार देने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्हें भक्त ध्रुव और प्रहलाद की कथाएं अवश्य सुनानी चाहिए। इन प्रसंगों के माध्यम से बच्चों में सत्य, विश्वास, धैर्य, भक्ति और अच्छे संस्कारों के भाव विकसित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता

नपा प्रशासन की बिजली कंपनी को खरी-खरी रात 10 बजे तक नहीं जलती स्ट्रीटलाइटें

डीआर संवाददाता» सीहोर

शहर में स्ट्रीट लाइटों के चालू और बंद होने को लेकर चल रही बिजली विभाग की मनमानी से अब नगर पालिका प्रशासन का सब्र का बांध टूट गया है। शहर में रात के समय अंधेरा छाए रहने और दिन के समय [illegible] लाइटें जलने से एक तरफ जहां आम नागरिक और जनप्रतिनिधि आक्रोशित हैं, वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका को भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस समस्या से तंग आकर नगर पालिका परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक को एक पत्र लिखकर जिम्मेदार कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

नगर पालिका द्वारा भेजे गए आधिकारिक पत्र में साफ कहा गया है कि सीहोर शहर सीमा में स्थापित स्ट्रीट लाइटों के मेन स्विच चालू और बंद करने का काम बिजली कंपनी के अधिनस्थ सहायक यंत्री जोन क्रमांक 1 और जोन क्रमांक 2 के कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। लेकिन पिछले कुछ समय से बिजली कर्मचारियों की घोर लापरवाही देखने को मिल रही है। शाम ढलते ही जब सड़कों पर रोशनी की जरूरत होती है, तब लाइटें चालू नहीं की जातीं।

डिजीटल अखबार

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ

भाद्रपद शुक्ल पक्ष- 12 -2083

विदिशा,बुधवार,दिनांक,23 सितंबर,2026

न्यूज गैलरी

आज विदिशा में 11वां अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस

विदिशा। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 23 सितंबर को जिले में 11वां अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस की थीम [illegible] के लिए आयुर्वेद तय की गई है। आयुर्वेद दिवस पर जिले में संचालित विभिन्न आयुष संस्थाएं कार्यक्रम करेंगी। आयुर्वेद की उपयोगिता पर जन-जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

कलेक्टर ने सुनी समस्याएं 100 मामले सुलझाए

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कलेक्टोरेट के भूतल स्थित सभा कक्ष में जनसुनवाई की। बड़ी संख्या में आवेदक पहुंचे। कलेक्टर ने लोगों की समस्याएं सुनीं। संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 100 से अधिक आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया।

सुरक्षा समिति की बैठक, पार्किंग-वन-वे पर जोर

विदिशा। कलेक्टोरेट के बेतवा सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने की। बैठक में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी मौजूद रहे। विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। समिति के सदस्य भी पहुंचे। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था पर चर्चा हुई। व्यवस्था को सुगम बनाने पर फोकस रहा।

ग्यारस पर ठाकुर जी का डोल निकला

नटेरन। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की डोल ग्यारस पर नगर में भगवान विष्णु ठाकुर जी का भव्य डोला निकाला। आयोजन धूमधाम से हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर के पुजारी गुलाबचंद वैरागी ने बताया यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। ठाकुर जी के बाल स्वरूप को सजे विमान में विराजमान किया गया। ढोल-नगाड़ों के साथ नगर भ्रमण कराया गया। इसके बाद स्थानीय जलाशय में ले जाकर ठाकुर जी को जल स्नान कराया गया। फिर मंदिर में वापस स्थापित किया गया। विशेष पूजा-अर्चना हुई। प्रसादी बांटी गई। शोभायात्रा के दौरान नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा हुई। लोगों ने आरती उतारी। श्रद्धालुओं ने अन्नदान किया। पुण्य कार्य किए। ठाकुर जी का आशीर्वाद लिया।

दशहरा उत्सव की तैयारी को लेकर बैठक आज

विदिशा। महाराणा प्रताप राजपूत विकास समिति एवं ट्रस्ट के तत्वावधान में आगामी दशहरा उत्सव को लेकर आज बुधवार दोपहर 2 बजे महाराणा प्रताप राजपूत मांगलिक भवन में बैठक होगी। इसमें दशहरा उत्सव की तैयारियों, कार्यक्रम

मंडी की छह दुकानों के ताले टूटे, सेंटर लॉक नहीं खुले तो खाली हाथ लौटे चोर

चोरी के प्रयास से व्यापारियों में आक्रोश, बोले- बार-बार घटनाओं के बावजूद सुरक्षा के इंतजाम नहीं

डीआर संवाददाता ॥ विदिशा।

मिर्जापुर कृषि उपज मंडी में सोमवार रात चोरों ने करीब छह दुकानों के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया। मंगलवार सुबह दुकानें खोलने पहुंचे व्यापारियों को ताले टूटे मिले तो हड़कंप मच गया। हालांकि चोर किसी दुकान से सामान या नकदी ले जाने में सफल नहीं हो सके। कुछ दुकानों के सेंटर लॉक नहीं खुलने के कारण चोर शटर नहीं उठा पाए। वहीं, जिन दुकानों के शटर खुल गए, वहां से भी सामान ले जाने में वे कामयाब नहीं हुए।

घटना के बाद व्यापारियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि मंडी में चोरी की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार दुकानों के ताले टूट चुके हैं और नकदी व सामान चोरी हो चुका है। इसके बावजूद रात के समय मंडी परिसर में सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं।

एक ही लाइन की करीब पांच दुकानों के ताले टूटे

दुकानदार जितेंद्र कुमार जैन ने बताया कि उनकी अनाज की दुकान है। उनकी लाइन में करीब पांच दुकानों के ताले टूटे हैं। दुकानदार अमन सिंह कुशवाह ने बताया कि वे सुबह करीब 8 बजे दुकान खोलने पहुंचे तो ताले टूटे मिले। कुछ दुकानों के सेंटर लॉक नहीं खुल पाए, जिससे चोर शटर नहीं उठा सके। व्यापारियों के अनुसार पिछली चोरी की एक घटना में 4-5 दुकानों से करीब 5-5 हजार रुपए नकदी चोरी हुई थी। उस समय चोर पीछे की दीवार तोड़कर दुकानों में घुसे थे।

अमन सिंह ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से हर 6-8 महीने में इस तरह की घटनाएं सामने आती रही हैं। पुलिस मौके पर पहुंचती है और कार्रवाई का भरोसा देती है, लेकिन आरोपियों के पकड़े जाने की जानकारी व्यापारियों को नहीं मिलती।

मंडी में गार्ड तैनात करने की मांग

दुकानदार राहुल ने कहा कि मंडी बोर्ड दुकानों से किराया लेता है और उसका बिल भी देता है, लेकिन दुकानों की सुरक्षा के लिए रात में गार्ड तक नहीं है। व्यापारियों ने मंडी परिसर में नियमित सुरक्षा गार्ड तैनात करने और पिछली चोरी की घटनाओं में ठोस कार्रवाई की मांग की है।

बायपास क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की सक्रियता का आरोप

व्यापारियों का कहना है कि मिर्जापुर चौराहे से बायपास क्षेत्र तक शाम होते ही असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। उनका आरोप है कि सड़क किनारे, ढाबों और अंधेरे स्थानों पर संदिग्ध लोग देर रात तक मौजूद रहते हैं।

व्यापारियों ने पुलिस से इस क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने की मांग भी की है। उनका कहना है कि यदि रात में निगरानी और गश्त बढ़ाई जाए तो चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानों का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। व्यापारियों ने जल्द आरोपियों का पता लगाने और मंडी की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

---

110 किलो चांदी के डोल में विराजे रामलला सरकार, घाट पर हुई महाआरती

डीआर संवाददाता ॥ सिरोंज।

डोल ग्यारस के अवसर पर मंगलवार को नगर में धार्मिक उत्साह देखने को मिला। शाम होते ही विभिन्न मंदिरों से ठाकुर जी और राधा रानी को विमानों में विराजित कर नगर भ्रमण कराया गया। मुख्य बाजार में पहुंचे विमानों के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। पूरे मार्ग में राधे-कृष्ण के जयकारे गूंजते रहे।

विमानों में विराजित भगवान को देखने के लिए श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे। कई लोगों ने कतार में लगकर दर्शन किए और लड्डू, पेड़े व फल भेंट किए। मंदिर समितियों और समाज के लोगों ने विमानों की व्यवस्था संभाली। कटरा बाजार, बाल बाजार, कोर्ट गेट, चौपड़ा और होली मोहल्ले से विमानों के मुख्य बाजार में पहुंचने का क्रम देर शाम तक चलता रहा।

डोल ग्यारस पर प्राचीन रामलला सरकार मंदिर, साहू समाज के बिहारी जी मंदिर, कुशवाह समाज मंदिर, नामदेव समाज के मुरलीधर मंदिर, मालवीय, कोरी, चौरसिया, सोनी, प्रजापति, माथुर, अहिरवार, जाटव और विश्वकर्मा समाज सहित अन्य मंदिरों के विमान निकले।

पंचकुईया घाट पर जलविहार

सभी विमान विभिन्न मार्गों से होते हुए पंचकुईया स्थित केथन नदी के घाट पहुंचे। नगर पालिका ने घाट पर रोशनी और सुरक्षा के इंतजाम किए थे। यहां ठाकुर जी और राधा रानी का जलविहार कराया गया। इसके बाद महाआरती हुई और प्रसादी वितरित की गई।

प्राचीन रामलला सरकार मंदिर का 110 किलो चांदी से बना विशेष डोल आकर्षण का केंद्र रहा।

केथन डैम में पत्रकार का शव मिला, दो-तीन दिन पुराना बताया

डीआर संवाददाता ॥ विदिशा

सिरोंज के केथन डैम में मंगलवार को एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव की पहचान पत्रकार राहुल मंगल के रूप में की है। सूचना मिलने पर सिरोंज पुलिस मौके पर पहुंची और नगर पालिका कर्मचारियों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया।

पुलिस के अनुसार, शव इंटेक वेल के पास पानी में तैरता मिला था। शव करीब दो-तीन दिन पुराना बताया गया है। [illegible] राहुल मंगल के पिता और परिजनों ने की। शव को सिरोंज सिविल अस्पताल ले जाया गया। पोस्टमार्टम विदिशा में कराया जाएगा।

राहुल मंगल सिरोंज तहसील में दैनिक भास्कर के रिपोर्टर के रूप में काम करते थे। वे अपने पिता के इकलौते बेटे थे और कुछ महीने पहले ही उनका विवाह हुआ था। परिजनों के अनुसार, पिछले कुछ समय से वे पारिवारिक परिस्थितियों को लेकर तनाव में थे।

श्रमदान कर नाली की सफाई की

डीआर संवाददाता ॥ आनंदपुर।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अहमदपुर जन विकास सेवा समिति की ओर से बुधवार को मुख्य बाजार में पीपल के पेड़ के नीचे हैंडपंप के पास श्रमदान और स्वच्छता अभियान चलाया गया। नाली में कीचड़ जमा होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी।

संस्था के सदस्यों ने गैंती, फावड़े और तगाड़ी की मदद से नाली में जमा कीचड़ बाहर निकाला और पानी एक तरफ किया। इसके साथ ही आसपास के क्षेत्र में भी सफाई की गई। अभियान के दौरान सदस्यों ने श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में कमल सिंह, गंगाराम, रमन सिंह, विशाल, सुमन कुशवाह, सचिन, गोपाल, सरमन सिंह, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष तथा अपना घर आश्रम के लाखन सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने भी अभियान की सराहना की।

शमशाबाद की सापन नदी में मिला लापता युवक

डीआर संवाददाता ॥ शमशाबाद।

विदिशा जिले के शमशाबाद में सापन नदी में लापता हुए युवक गिरधर अहिरवार का शव मंगलवार शाम बरामद कर लिया गया। करीब 51 घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद टीम ने पुल के नीचे से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कमोरी निवासी गिरधर अहिरवार, मोहन अहिरवार के बेटे थे और मजदूरी करते थे। उनके दो बच्चे हैं। पुलिस के अनुसार, 20 सितंबर की दोपहर करीब ढाई बजे युवक सापन नदी के पुल से कोठा सागर डैम में गिर गया था। सूचना मिलने पर शमशाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की।

युवक की तलाश के लिए बाद में एसडीईआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें भी अभियान में शामिल हुईं। नदी में [illegible], मोटर बोट और सोनार सिस्टम समेत अन्य उपकरणों की मदद से लगातार तलाश की गई। करीब 51 घंटे बाद मंगलवार शाम रेस्क्यू टीम को पुल के नीचे युवक का शव मिला। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भ

जंगली सूअर के हमले में महिला घायल

विदिशा। [illegible] क्षेत्र के ग्राम रानी ताल में मंगलवार सुबह शौच के लिए गई महिला पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। हमले में प्रभावती बाई गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें तत्काल [illegible] सामुदायिक अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए विदिशा रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार प्रभावती बाई मंगलवार सुबह करीब 9 बजे शौच के लिए गई थीं। इसी दौरान झाड़ियों की ओर से आए जंगली सूअर ने अचानक उन पर हमला कर दिया।

नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष से अभद्रता का आरोप

डीआर संवाददाता ॥ विदिशा

नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी से कथित अभद्रता का मामला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गया। मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में एसपी रोहित काशवानी को ज्ञापन सौंपकर संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, आशीष माहेश्वरी नगर पालिका में कबाड़ की बिक्री से संबंधित जानकारी और दस्तावेज देख रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ ठेकेदारों से उनका विवाद हो गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जानकारी मांगने पर ठेकेदारों ने नेता प्रतिपक्ष के साथ अभद्रता की। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि घटना नगर पालिका अधिकारियों की मौजूदगी में हुई। ज्ञापन के दौरान नगर पालिका के पुराने वाहनों और अन्य सामग्री की बिक्री का मुद्दा भी उठाया गया। कांग्रेस नेता रामराज ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपए की सामग्री करीब 21 लाख रुपए में कबाड़ के तौर पर बेची गई। उन्होंने पूरी प्रक्रिया की जांच की मांग की।

कांग्रेस नेता रवि साहू ने कहा कि मामले में एसपी को शिकायत दी गई है। रामराज ने कहा कि कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस नगर पालिका में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन करेगी। पुलिस को सौंपे गए ज्ञापन के आधार पर मामले में कार्रवाई की मांग की गई है।

चाय की दुकान से गांजा बेचने का आरोपी गिरफ्तार जांच शुरू की

सिरोंज में 2 किलो से ज्यादा गांजा जब्त, एक्ट में केस दर्ज किया

डीआर संवाददाता ॥ सिरोंज।

पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध गांजा रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर सोमवार शाम अयोध्या बस्ती की पहाड़ी से सोनू कुशवाह को पकड़ा गया। उसके पास से 2 किलो 113 ग्राम गांजा जब्त किया गया, जिसकी कीमत करीब 28 हजार 900 रुपए बताई गई है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी का पहाड़ी पर घर और चाय-नाश्ते की दुकान है। आरोप है कि वह इसी दुकान से गांजे की बिक्री करता था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने गांजे के अलावा एक बाइक, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा और नकद राशि भी जब्त की है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 1 लाख 58 हजार 900 रुपए बताई गई है।

सिरोंज थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब गांजे की सप्लाई से जुड़े लोगों और आरोपी के पुराने रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक

सहयोग किया

समाजसेवी भरत अग्रवाल की 25 लाख रुपए की मदद से कालिदास रंगमंच का

शहर के मध्य बाल विहार उद्यान में स्थित कालिदास रंगमंच फिर से तैयार हो रहा है

डीआर संवाददाता ॥ विदिशा।

शहर के मध्य बाल विहार उद्यान में स्थित कालिदास रंगमंच लंबे समय बाद फिर से सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में तैयार हो रहा है। नगर पालिका की ओर से रंगमंच के पुनरुद्धार का काम कराया जा रहा है। समाजसेवी भरत अग्रवाल ने इसके लिए 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी है। निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और अब तक करीब 80 प्रतिशत काम पूरा होने की बात कही जा रही है।

रंगमंच का मुख्य हिस्सा तैयार होने के बाद अब इसके सामने मौजूद दर्शक दीर्घा की स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। दर्शकों के बैठने के लिए सामने का क्षेत्र लंबे समय से व्यवस्थित नहीं है। ऐसे में मंच के तैयार होने के बावजूद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान दर्शकों के बैठने की व्यवस्था चुनौती बनी हुई है।

समाजसेवी डॉ. जीके माहेश्वरी का कहना है कि रंगमंच कितना भी बेहतर तैयार हो, यदि दर्शकों के बैठने का स्थान व्यवस्थित नहीं होगा तो कार्यक्रमों का उद्देश्य पूरी तरह पूरा नहीं हो सकेगा।

उन्होंने दर्शक दीर्घा को भी मंच के अनुरूप विकसित करने की जरूरत बताई। इतिहासविद गोविंद देवलिया ने बताया कि कालिदास रंगमंच का शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों में पुराना महत्व रहा है। नगर पालिका की ओर से यहां पहले हर साल पांच दिवसीय कालिदास समारोह आयोजित किया जाता था। रंगमंच के पुनरुद्धार से इन गतिविधियों को फिर गति मिलने की उम्मीद है।

नगर पालिका के सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने बताया कि दर्शक दीर्घा के विकास के लिए अलग से डीपीआर तैयार कराई जाएगी। जनता और उपलब्ध बजट के अनुसार दर्शकों के बैठने के क्षेत्र को विकसित किया जाएगा।

जनसुनवाई में हाईमास्ट लाइट और स्पीड ब्रेकर की मांग

डीआर संवाददाता ॥ विदिशा।

गुलाब वाटिका से ईदगाह चौराहे तक का मार्ग इन दिनों सड़क पर अंधेरे और भारी वाहनों की पार्किंग के कारण हादसों की आशंका वाला क्षेत्र बना हुआ है। मंगलवार को शास्त्री नगर के रहवासी जनसुनवाई में पहुंचे और समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

रहवासियों ने बताया कि अवानी कंपनी के सामने स्ट्रीट लाइट बंद होने से रात में सड़क पर पर्याप्त रोशनी नहीं रहती। टर्निंग स्पष्ट दिखाई नहीं देने के कारण वाहन चालकों को परेशानी होती है और कई बार वाहन डिवाइडर पर चढ़ जाते हैं। सड़क के दोनों ओर खड़े भारी ट्रक और कंटेनर भी पीछे से आने वाले वाहनों के लिए दुर्घटना में बाधा बन रहे हैं।

रहवासियों ने अवानी कंपनी के सामने हाईमास्ट लाइट लगाने, सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों को हटाने और अतिक्रमण पर कार्रवाई करने की मांग की। इसके अलावा शास्त्री नगर के सामने सड़क के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग रखी गई।

रहवासियों के अनुसार, सोमवार को इसी मार्ग पर दो वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत में एक चालक गंभीर रूप से घायल हुआ था। उन्होंने हादसों की रोकथाम के लिए जल्द आवश्यक कदम उठाने की मांग

डिजीटल अखबार
डीआर राजगढ़
नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन   भाद्रपद शुक्ल पक्ष- 12 -2083   राजगढ़,दिन बुधवार,दिनांक 23 सितंबर ,2026

न्यूज गैलरी

आयुर्वेद जांच शिविर आज

राजगढ़। नरसिंहगढ़ 11 वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर कुरावर को शासकीय आयुर्वेद औषधालय सेन मोहल्ला में निःशुल्क जांच शिविर लगाया जाएगा। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विजय भास्कर व्यास ने बताया कि इसके साथ ही भगवान धन्वंतरि की पूजा का आयोजन भी होगा।

राज्य शिक्षक संघ 1 से शुरू करेगा सदस्यता अभियान

राजगढ़। राजगढ़ राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश की प्रांतीय बैठक 20 सितंबर को भोपाल में हुई। इसमें संगठन का सदस्यता अभियान 1 अक्टूबर से शुरू करने और दिसंबर में चिंतन शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में टीईटी परीक्षा, ई-अटेंडेंस, पुरानी पेंशन, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, क्रमोन्नति और अनुकंपा नियुक्ति सहित शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

घर में घुसकर महिला को धमकाने का आरोप, केस

राजगढ़। भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने घर में घुसकर धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला के अनुसार, रात के 4 बजे के करीब रमेश तंवर नाम का आरोपी घर में घुस आया। आहट से नींद खुलने पर वह भाग गया और व्हाट्सएप पर हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। उस समय घर पर महिला का पति मौजूद नहीं था। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

चौराहे पर बुजुर्ग का शव मिला

राजगढ़। देहात थानांतर्गत अमलाहा रोड पर टेकरा चौराहे से पुलिस ने मंगलवार की सुबह एक 75 वर्षीय बुजुर्ग का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान जम्होड़पुरा राजगढ़ निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे लोगों ने टेकरा चौराहे पर 75 वर्षीय बुजुर्ग का शव पड़ा देखा। तुरंत मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। आसपास पड़ताल करने पर मृतक की पहचान टेप सिंह पिता नारायण तंवर (75) निवासी जम्होड़पुरा राजगढ़ के रूप में हुई।

अवैध गैस रिफिलिंग पर देवेंद्र को कारण बताओ नोटिस

राजगढ़। सुठालिया में अवैध गैस रिफिलिंग के आरोप में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने देवेंद्र नामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी

सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों की आठदिवसीय भूख हड़ताल समाप्त

प्रशासन ने आठ मांगों पर दिया लिखित आश्वासन, चार गुना

डीआर संवाददाता ■ब्यावरा

सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों की नौ सूत्रीय मांगों को लेकर नौ किसान, सुठालिया में पिछले आठ दिनों से चल रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल मंगलवार को समाप्त हो गई। प्रशासन की ओर से आठ मांगों पर सहमति जताते हुए लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद किसानों ने फिलहाल आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया।

भूख हड़ताल समाप्त कराने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मंगलवार को अनशन स्थल पहुंचे। उन्होंने अनशन कर रहे नौ किसानों को ज्यूस पिलाकर उनकी भूख हड़ताल समाप्त कराई। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान और समर्थक मौजूद रहे।

किसानों की प्रमुख मांग प्रभावित किसानों को राजस्व रूप से चार गुना मुआवजा दिए जाने की है। इस मांग पर अभी अंतिम सहमति नहीं बन पाई है। प्रशासन ने किसानों को आश्वस्त किया है कि चार गुना मुआवजे की मांग का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जाएगा। किसानों ने स्पष्ट किया कि इस मांग पर उनका संघर्ष जारी रहेगा और शासन के निर्णय के आधार पर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

समर्थन में बाजार रहा बंद

आंदोलन के आठवें दिन किसानों के समर्थन में बड़ी संख्या में लोग सुठालिया पहुंचे। किसानों के अनुसार हजारों की संख्या में लोग अनशन स्थल पर मौजूद रहे। सुठालिया व्यापारी एसोसिएशन ने भी आंदोलन के समर्थन में बाजार बंद रखा। इससे किसानों के आंदोलन को स्थानीय स्तर पर समर्थन मिला।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रियव्रत सिंह, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पूर्व विधायक गिरीश भंडारी, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम दांगी, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश दांगी, प्रदेश संगठन मंत्री केसरी सिंह गुर्जर सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

अपनी गलती मानने को तैयार नहीं स्वास्थ्य

चार गुना मुआवजे पर आगे भी जारी रहेगा संघर्ष

आठ दिनों तक चले आंदोलन के दौरान किसानों ने अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया। प्रशासन से आठ मांगों पर लिखित आश्वासन मिलने के बाद फिलहाल भूख हड़ताल समाप्त कर दी गई है। किसानों ने कहा कि राजस्व रूप से चार गुना मुआवजा उनकी प्रमुख मांग है। इस संबंध में प्रस्ताव शासन को भेजे जाने के बाद वे निर्णय का इंतजार करेंगे।

किसानों का कहना है कि यदि शासन स्तर पर उनकी प्रमुख मांग का समाधान नहीं होता है तो प्रभावित किसान और किसान संगठन आगे की रणनीति तय करेंगे।

फिलहाल प्रशासन के लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन को विराम दिया गया है।

जिला अस्पताल में महिला की पीठ से 20,20 सेंटीमीटर की गठान निकाली

दो साल से दर्द और परेशानी से जूझ रही थी महिला, करीब एक घंटे चली सर्जरी के बाद हालत स्थिर

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा।

जिला अस्पताल में 48 वर्षीय महिला की पीठ से बड़ी गठान निकालने की सफल सर्जरी की गई। महिला पिछले करीब दो साल से गठान के कारण दर्द और परेशानी से जूझ रही थी। परेशानी इतनी बढ़ गई थी कि उसे रात में ठीक से नींद नहीं आती थी और कई बार उल्टा सोकर रात गुजारनी पड़ती थी।

गुना निवासी अनिता पति गजदू की पीठ के दाहिने हिस्से में गठान थी। लगातार परेशानी बढ़ने पर उन्होंने जिला अस्पताल के सीनियर सर्जन डॉ. राजेंद्र कटारिया से जांच कराई। महिला को डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की समस्या भी है। जांच के बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी।

जरूरी जांच और सर्जरी की तैयारी पूरी होने के बाद महिला का ऑपरेशन किया गया। करीब एक घंटे चली सर्जरी में पीठ के दाहिने हिस्से से 20x20 सेंटीमीटर की गठान निकाली गई।

सीनियर सर्जन डॉ. राजेंद्र कटारिया ने बताया कि ऑपरेशन सफल रहा। महिला की हालत स्थिर है और वह पहले से बेहतर महसूस कर रही है। फिलहाल उसे डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

सिविल सर्जन डॉ. राजीव शर्मा ने बताया कि जिला अस्पताल में जटिल मामलों की सर्जरी की जा रही है, जिससे मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार की सुविधा मिल रही है।

डोल ग्यारस पर खाटू श्याम मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा।

ब्यावरा डोल ग्यारस यानी जलझूलनी एकादशी के अवसर पर मंगलवार को ब्यावरा स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर समिति के अनुसार दिनभर में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए। सुबह मंगला आरती के साथ दर्शन शुरू हुए, जो देर रात तक जारी रहे।

डोल ग्यारस के लिए बाबा खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया। उज्जैन से करीब 51 किलो ताजे फूल मंगाकर मंदिर और बाबा का दरबार सजाया गया। मंदिर परिसर जय श्री श्याम के जयकारों से गूंजता रहा।

निशान लेकर पहुंचे श्रद्धालु

ब्यावरा शहर के अलावा आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु निशान लेकर मंदिर पहुंचे। कई टोलियां ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ मंदिर पहुंचीं। भीड़ के चलते सुबह से ही दर्शन के लिए कतारें लगी रहीं।

व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस, प्रशासन, नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवक तैनात रहे। भीड़ नियंत्रण के साथ यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी इंतजाम किए गए।

वेयरहाउस में 2025 से रखा मिला सरकारी चावल

350 बोरी चावल में कुछ पर पाला लगा मिला, गेहूं के पास मिट्टी जैसा पदार्थ जांच के लिए सैंपल लिए

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा।

गरीबों को बांटे जाने वाले पीडीएस के सरकारी अनाज के रख-रखाव में लापरवाही का मामला सामने आया है। गुना हाईवे स्थित राधाकृष्ण वेयरहाउस में रखे गेहूं के साथ करीब 350 बोरी सरकारी चावल वर्ष 2025 से रखा मिला। मंगलवार शाम जेएसओ राजेश जाटव जांच के लिए पहुंचे। वेयरहाउस में शुरुआत में सिर्फ गेहूं होने की जानकारी दी गई, लेकिन जांच के दौरान चावल भी मिला।

वेयरहाउस कॉर्पोरेशन के मैनेजर संजय दांगी के अनुसार, चावल वर्ष 2025 से रखा है। कुछ चावल में पाला लगा मिला, जिसे जानवर उपयोग में लाए जाने की बात कही गई। जेएसओ ने गेहूं और चावल के सैंपल लिए हैं। जांच के दौरान गेहूं की बोरियों के पास मिट्टी जैसा पदार्थ भी मिला।

इसके अलावा वेयरहाउस परिसर में आटा मिल संचालित होती मिली। इससे सरकारी अनाज के रख-रखाव और सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठे हैं। प्रशासन अब स्टॉक रजिस्टर, आवक-जावक रिकॉर्ड और निरीक्षण रिपोर्ट की जांच कर रहा है। जांच के आधार पर जिम्मेदारी तय करने की बात कही गई है।

सांप के काटने के बाद बिगड़ी तबीयत, सर्प मित्र की मौत

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा।

ब्यावरा-सुठालिया रोड पर सांप पकड़ने पहुंचे एक सर्प मित्र की सांप के काटने के बाद मौत हो गई। ब्यावरा निवासी पीनू पिता मोहन गिरी (40) पिछले करीब 10 वर्षों से सांप पकड़ने का काम कर रहे थे। परिजनों के अनुसार, गत दिवस सुठालिया रोड क्षेत्र में सांप निकलने की सूचना पर पीनू उसे पकड़ने पहुंचे थे। मौके पर छोटा कोबरा सांप दिखाई दिया, जिसे उन्होंने पकड़ लिया। इसी दौरान सांप ने उनकी उंगली पर काट लिया। काटने का अहसास होने के बावजूद उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। रात में तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

---

11 दिन से लापता युवक का कुएं में मिला शव

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा।

सारंगपुर सारंगपुर थाना क्षेत्र में 11 दिन से लापता युवक का शव मंगलवार को बायपास क्षेत्र स्थित एक खेत के कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की पहचान कमल पिता दुर्गाप्रसाद मालवीय, निवासी मालवीय मोहल्ला सारंगपुर के रूप में हुई है।

परिजन और पुलिस पिछले 11 दिनों से उसकी तलाश कर रहे थे। इसी दौरान बायपास क्षेत्र में हाकिम खां पिता बाबू खां के खेत में बने कुएं में शव होने की सूचना मिली। सूचना पर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर भेजा। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण की स्थिति स्पष्ट होगी।

---

15 फीट गहरे पानी में पटियों के बीच फंसी मजदूर की गर्दन, मौत

डीआर संवाददाता ■खिलचीपुर।

जलझूलनी एकादशी की तैयारी के दौरान मंगलवार को गाड़गंगा नदी में पुल के नीचे पटिए लगाते समय 38 वर्षीय मजदूर श्रीराम मोगिया की मौत हो गई। वह करीब 15 फीट गहरे पानी में पटियों के बीच फंस गया था। उसकी गर्दन दो पटियों के बीच फंसने से वह बाहर नहीं निकल सका।

श्रीराम के बड़े भाई लक्ष्मीनारायण उर्फ पीरू मोगिया के अनुसार, वह सुबह करीब 8 बजे काम पर गया था। करीब साढ़े 10 बजे परिवार को उसके नदी में फंसने की सूचना मिली। मौके पर पहले रस्सी और बांस की मदद से उसे निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद जेसीबी की मदद से पुल के नीचे लगे पटिए हटाए गए। पटिए हटने के बाद तेज बहाव में शव करीब 50 फीट दूर खाड़े में मिला। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर 12 बजे शव बाहर निकाला गया।

परिजनों का आरोप है कि श्रीराम को बिना सुरक्षा किट के नदी में उतारा गया था। मौके पर ठेकेदार और नगर पालिका की टीम भी मौजूद नहीं थी। मृतक खिलचीपुर के वार्ड-8 स्थित भाटखेड़ी बाजार का निवासी था।

डोल ग्यारस

अखाड़े में पहलवानों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

जलझूलनी एकादशी पर निकला विमानों का जुलूस, अखाड़े में पहलवानों ने दिखाए हैरतअंगेज करतबजुलूस

डीआर संवाददाता ■ नरसिंहगढ़।

जलझूलनी एकादशी का पर्व मंगलवार को नगर में धार्मिक आस्था, परंपरा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया था। दोपहर में प्रसिद्ध जमात मंदिर से भगवान की पूजा-अर्चना के बाद चल समारोह निकाला गया। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकले जुलूस में आकर्षक झांकियां और सजे हुए भगवान के विमान श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे।

नगर के प्रमुख मंदिरों से भगवान को विमान में विराजित कर जमात घाट लाया गया।

विमानों की नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर अगवानी की और पूजा-अर्चना की। ढोल-ढमाके की धुन पर युवाओं ने नृत्य किया। जगह-जगह दही की मटकियां भी फोड़ी गईं। पूरे नगर में धार्मिक जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

अखाड़े में दिखाए दांव-पेच

पुराने झंडा चौक पर अखाड़े का आयोजन किया गया। इसमें पहलवानों और अखाड़े के कलाकारों ने विभिन्न दांव-पेच और हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को रोमांचित किया। अखाड़ा देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी और युवा पहुंचे। हिंदू उत्सव समिति की ओर से अखाड़े के उस्तादों का साफा बांधकर और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

जमात घाट पर हुआ जलविहार

चल समारोह के जमात घाट पहुंचने के बाद भगवान का विधि-विधान से स्नान कराया गया। इसके बाद महाआरती और अन्य धार्मिक कार्यक्रम हुए। परंपरा के अनुसार भगवान का जलविहार कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। देर रात तक मंदिरों में भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। श्रद्धालुओं को महाप्रसादी के रूप में केले, ककड़ी और सेवफल का वितरण किया गया।

चल समारोह में विधायक मोहन शर्मा, महंत दीपेंद्र दास, भरत झंवर, शिव बैरागी, रमेश मालवीय सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

लेजर से क्लासरूम अटेंडेंस का नवाचार, यशवर्धन

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजगढ़ के कक्षा 12वीं के छात्र यशवर्धन सिंह पवार ने अपने नवाचार से जिले का नाम रोशन किया है। उन्हें इंस्पायर-मानक अवॉर्ड 2025-26 में राज्य स्तरीय स्तर पर प्रथम स्थान मिला है। यशवर्धन ने 'लेजर क्लासरूम अटेंडेंस सिस्टम' का नवाचार प्रस्तुत किया, जिसे राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में पहचान मिली।

उनकी तकनीकी सफलता स्कूल में विज्ञान और तकनीक के प्रति विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच को सामने लाती है। इंस्पायर-मानक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन का राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य स्कूली

भाषण स्पर्धा में बताई युवाओं की भूमिका

डीआर संवाददाता ■ब्यावरा

'विकसित राष्ट्र।' युवाओं की भूमिका और समाज के विकास में उनकी योगदान को लेकर भाषण स्पर्धा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों और युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि युवा देश की ऊर्जा और भविष्य की महत्वपूर्ण शक्ति है। शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

प्रतिभागियों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि बदलते समय के साथ युवाओं को शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक होना चाहिए। उन्होंने नशामुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए युवाओं की भूमिका पर विचार रखे।



आयोजकों ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि भाषण जैसी प्रतियोगिताओं से युवाओं में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति की क्षमता और नेतृत्व कौशल विकसित होता है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।